दिनांक : 15.02.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

महाकाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन में रुद्रसागर पर बने ब्रिज का लोकार्पण करेंगे। रुद्रसागर पर साढ़े 22 करोड़ की लागत से यह पुल बनाया गया है। इसकी लंबाई 200 मीटर व चौड़ाई नौ मीटर है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए महाकालेश्वर मंदिर जाने के लिए रूद्र सागर पर इस ब्रिज का निर्माण किया गया है। इससे श्रद्धालुओं का शक्ति पथ से सीधे महाकालेश्वर मंदिर पहुंचना आसान हो जाएगा।

समीक्षा बैठक

पुलिस महानिरीक्षक जोन इंदौर ग्रामीण श्री अनुराग ने कल खंडवा में अपराध समीक्षा बैठक ली । बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न त्योहारों के अवसर पर कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये। वहीं उन्होंने जिले में सायबर ठगी की घटना होने पर आरोपियों के विरुद्ध तत्काल वैधानिक कार्यवाही करने और सायबर ठगी से बचने के लिए आम जन को जागरूक करने थाना एवं जिला स्तर पर विशेष अभियान चलाए जाने की बात भी कही ।

साक्षरता कार्यक्रम

प्रदेश के सभी जिलों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता परीक्षा का आयोजन कल किया जायेगा। परीक्षा में लगभग 17 लाख से अधिक नवसाक्षर अपनी योग्यता को साबित करेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में साक्षरता दर बढ़ाने के लिये 15 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के ऐसे असाक्षर को साक्षर करने के लिये उल्लास–नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिनमें यूनेस्को की परिभाषा अनुसार, मुद्रित एवं लिखित सामग्री का उपयोग करके पहचानने, समझने, व्याख्या करने, बनाने, संवाद करने और गणना करने की क्षमता नहीं है। देशभर में यह कार्यक्रम वर्ष–2022 से वर्ष–2027 तक संचालित किया जा रहा है।

मौसम

प्रदेश में मौसम ने फिर करवट बदली है। कल भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत प्रदेश के कई शहरों में दिन के तापमान में 1 से 3 डिग्री तक की बढ़ोतरी हुई।

मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय था। इस वजह से प्रदेश में ठंड का असर देखने को मिला, लेकिन यह सिस्टम अब लौट गया है। जिससे तापमान में फिर से बढ़ोतरी देखने को मिली है। इस वजह से धार, नर्मदापुरम, खंडवा, खरगोन, रतलाम, उज्जैन, दमोह, खजुराहो, मंडला में पारा 30 डिग्री के पार पहुंच गया। मौसम विभाग का कहना है कि 17 फरवरी से नया पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय की तरफ सक्रिय होने की संभावना है।

महिला प्रीमियर लीग

महिला प्रीमियर लीग में आज वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स का सामना मुंबई इंडियंस से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। टूर्नामेंट के पहले मैच में कल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात जायंट्स को 6 विकेट से हरा दिया।

समाचार संक्षेप में

- शिवपुरी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा झोलाझाप डॉक्टरों पर कार्रवाई की जा रही है।
- मप्र लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा–2025 कल दो सत्र में होगी।
- नर्मदापुरम जिले में दस्तक अभियान का दूसरा चरण 18 फरवरी से 18 मार्च तक चलाया जाएगा।
- आगरमालवा ज़िले के सुसनेर में कल वित्तीय जागरूकता ऑनलाईन शिविर का आयोजन किया गया।
- राजधानी भोपाल में मंत्री विश्वास सारंग ने आज प्रयागराज महाकुंभ के गंगाजल को बोतलों के माध्यम से घर–घर पहुंचकर वितरण किया।
- मुरैना में सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने आरोग्य धाम का शुभारंभ किया ।
- जबलपुर में मौसम जहां शुष्क बना हुआ है, वहीं दिन–रात के तापमान में खासी गिरावट हुई है।

....